# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/9137/2025 दिनांकः 16 दिसम्बर, 2025

## कार्यालय–आदेश

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2025–26 से सम्बन्धित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गों के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर लम्बित छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में समाज कल्याण विभाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश एवं उप निदेशक, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ तथा जिलाधिकारी कार्यालय, बलिया द्वारा समय–समय पर अग्रसारित किये जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। तत्क्रम में अवगत कराना है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं उससे सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि लम्बित छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को महाविद्यालय स्तर से ससमय अग्रसारित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

ध्यातव्य है कि शासन द्वारा छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन की अन्तिम **तिथि 20 दिसम्बर, 2025** निर्धारित है, किन्तु जिन छात्र/छात्राओं ने आवेदन कर दिया है, उन समस्त छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदनों को महाविद्यालय के छात्रवृत्ति पोर्टल से दिनांकः 20 दिसम्बर, 2025 तक अग्रसारित करने का कष्ट करें।

**नोटः जिन छात्र/छात्राओं ने अपना छात्रवृति आवेदन संस्था में जमा नही किये हैं। ऐसे समस्त छात्र/छात्राओं से सम्पर्क कर आवेदन जमा कराते हुए, आवेदन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अतः जिन छात्र/छात्राओं ने त्रुटिवश एक से अधिक आवेदन किये हैं, उन त्रुटिपुर्ण आवेदनों को चिन्हित करते हुऐ छात्रवृति पोर्टल से निरस्त (Reject) करने का कष्ट करें।**

**(डॉ0 छबिलाल)**
**नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति पोर्टल**

**(एस0 एल0 पाल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

01. माननीय कुलपति जी।
02. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
03. जिला समाज कल्याण अधिकारी, बलिया।
04. जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बलिया।
05. अधिष्ठाता छात्र कल्याण संकाय, विश्वविद्यालय परिसर।
06. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्रचार्या/नोडल अधिकारी, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित की सम्बन्धित विद्यार्थियों को उपरोक्तानुक्रम में अपने स्तर से संसूचित करें।
07. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
08. सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**


पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com